दैनिक प्रातः कालीन मुरादाबाद से प्रकाशित
वर्षः- 04
अंकः- 42
मुरादाबाद
02 June 2024
(Sunday)
पृष्ठः- 8
मूल्यः- 3.00 रूपया

# क्यूँ न लिखूँ सच

भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

## सुहानी सुबह, सूर्य अर्घ्य और माला जाप....आखिरी दिन ऐसे ध्यान लगाते नजर आए पीएम मोदी

देश में सातवें और आखिरी चरण के लोकसभा चुनाव की वोटिंग आज यानी एक जून को हो रही है। इस चरण के मतदान की प्रचार अवधि खत्म होने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कन्याकुमारी पहुंच गए थे। आज शाम तक ध्यानमग्न रहेंगे पीएम मोदी अब वह समंदर में बनी विवेकानंद रॉक मेमोरियल में ध्यानमग्न थे। अब उनका ध्यान पूरा हो गया है। उनका एक और वीडियो सामने आया है। वीडियो में पीएम मोदी भगवा कुर्ता और गमछे में दिख रहे हैं। उनके हाथों में माला है। इस ध्यान मंडपम की खास बात यह है कि यह वही स्थान है, जहां स्वामी विवेकानंद ने देश भ्रमण के बाद तीन दिनों तक ध्यान किया था। यहीं उन्होंने विकसित भारत का सपना देखा था। ऐसी मान्यता है कि इस स्थान पर देवी पार्वती ने एक पैर पर खड़े होकर साधना की थी। उगते हुए सूरज को जल चढ़ाया भाजपा ने एक वीडियो सोशल मीडिया मंच पर साझा किया है। देखा जा सकता है कि पीएम मोदी ने सबसे पहले उगते हुए सूरज को जल चढ़ाया। उसके बाद हाथ जोड़कर प्रार्थना की और माला का जाप किया। पीएम मोदी गुरुवार को कन्याकुमारी पहुंचे थे। प्रधानमंत्री धोती पहने दक्षिण भारत की पारंपरिक पोशाक में दिखे। उन्होंने ऑफ-व्हाइट रंग का शॉल ओढ़ रखा था। कन्याकुमारी पहुंचने के बाद भगवती अम्मन मंदिर में प्रार्थना और पूजा-अर्चना की। बता दें, आम चुनाव का प्रचार थमने के बाद



पीएम मोदी हर बार आध्यात्मिक यात्रा पर जाते हैं और 2019 के चुनाव प्रचार के बाद वे केदारनाथ गए थे और साल 2014 में वे शिवाजी महाराज से संबंधित प्रतापगढ़ गए थे। यहीं उन्हें भारत माता के हुए थे दर्शन भारत दर्शन के दौरान विवेकानंद ने आम लोगों की तकलीफ, दर्द, गरीबी, आत्म सम्मान और शिक्षा की कमी को नजदीक से जाना था। समुद्र तट से करीब 500 मीटर दूर स्थित चट्टान पर विवेकानंद 24 दिसंबर 1892 को तैर कर पहुंचे थे। 25 से 27 दिसंबर तक उन्होंने इसी चट्टान पर ध्यान किया था। उन्होंने यहां भारत के भविष्य के लिए विकसित भारत का सपना देखा था।

यह वही जगह है, जहां उन्हें भारत माता के दर्शन हुए थे। इसी स्थान पर उन्होंने अपना बाकी जीवन लोगों को समर्पित करने का सपना देखा था। विवेकानंद शिला पर विवेकानंद स्मारक बनाने के लिए भी लंबा संघर्ष चला है। इसमें एकनाथ रानाडे ने बड़ी भूमिका निभाई थी। लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान पीएम मोदी ने की 183 रैलियां और रोड शो पीएम मोदी ने गुरुवार को पंजाब के होशियारपुर में रैली के साथ अपने चुनाव प्रचार का समापन किया। अब सातवें और आखिरी चरण के लिए 1 जून को मतदान हो रहा है। भाजपा को एक बार फिर सत्ता में लाने के लिए पीएम मोदी ने धुआंधार प्रचार किया। प्रधानमंत्री मोदी ने 16 मार्च को कन्याकुमारी से ही अपने चुनाव प्रचार की शुरुआत की थी। बीते 75 दिनों में प्रधानमंत्री ने 183 चुनावी कार्यक्रमों में शिरकत की। इनमें चुनावी रैलियां-रोड शो शामिल हैं। इनके अलावा पीएम मोदी ने विभिन्न मीडिया संस्थानों को 80 के करीब इंटरव्यू भी दिए, जिनमें सरकार द्वारा किए गए विकास कार्यों पर चर्चा की। साथ ही विपक्षी पार्टियों को विभिन्न मुद्दों जैसे धर्म के आधार पर आरक्षण, सीएए, अयोध्या के राम मंदिर और अनुच्छेद 370 के मुद्दों पर घेरा। कन्याकुमारी कई मायनों में भारत के लिए खास है। यहीं पर भारत की पूर्वी और पश्चिमी तटीय रेख मिलती है। कन्याकुमारी में ही अरब सागर, हिंद महासागर और बंगाल की खाड़ी का मिलन होता है। कन्याकुमारी जाकर एक तरह से पीएम मोदी ने राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया है।

## अयोध्या पहुंचे चिराग पासवान, रामलला का दर्शन कर बोले- आसानी से पार कर लेंगे 400 सीटों का लक्ष्य



लोक जनशक्ति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान ने दावा किया है कि एनडीए आसानी से 400 पार कर लेगा। उन्होंने खुद को मोदी का हनुमान बताया और कहा कि मोदी पर अभी भी जनता का भरोसा कायम है। लोक जनशक्ति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान अयोध्या पहुंचे। उन्होंने रामलला व हनुमानगढ़ी के दरबार में हाजिरी लगाई। दर्शन-पूजन के बाद कहा कि रामलला भव्य मंदिर में विराजमान हो चुके हैं। रामलला के दर्शन प्राप्त किया है मैं भाग्यशाली हूं। जिस दिन रामलला की प्राण प्रतिष्ठा हुई उसी दिन अयोध्या आने की इच्छा थी, आज इच्छा पूरी हुई है। देश में इस समय महत्वपूर्ण समय चल रहा है। 400 पार का लक्ष्य हम बहुत सरलता से प्राप्त कर लेंगे। देश की आबादी पीएम नरेंद्र मोदी पर भरोसा रखती है। गरीब कल्याण की योजनाओं से पीएम मोदी ने हर घर को प्रभावित किया है। विपक्ष सनातन को नहीं मानता है।

प्रधानमंत्री के कन्याकुमारी में ध्यान साधना पर कहा कि इससे विपक्ष परेशान हो रहा है। जो लोग सनातन को समाप्त करने की सोच रखते थे, मोदी ने उन्हें झटका दिया है। उन्होंने खुद को मोदी का हनुमान बताते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के प्रति हमें अटूट विश्वास है। मेरा और प्रधानमंत्री का रिश्ता अटूट और खूबसूरत है जिसकी मर्यादा हमेशा प्रधानमंत्री ने बना कर रखी, हमने भी इसी सोच को आगे रखने का प्रयास किया है।

## संक्षिप्त समाचार







### व्हीलचेयर में मतदान करने पहुंचें तेजस्वी यादव, भीषण गर्मी में लाइन में खड़े होकर रवि किशन ने डाला वोट

लोकसभा चुनाव के सातवें चरण का मतदान आज शुरू हुआ। इस चरण के लिए आठ राज्यों की 57 सीटों पर मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इस चरण में केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा, अनुराग ठाकुर समेत कई नेताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। भीषण गर्मी के बीच मतदाताओं ने लाइन में खड़े होकर मतदान किया। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने विलासपुर के विजयपुर में अपना वोट डाला। इस दौरान उनके परिवार वाले भी उनके साथ थे। राजद नेता तेजस्वी यादव अपने भाई और पार्टी के नेता तेज प्रताप यादव के साथ मतदान किया। तेजस्वी यादव व्हीलचेयर में बैठकर मतदान केंद्र पहुंचे। उन्होंने लोगों से संवैधानिक सिद्धांतों, आरक्षण और लोकतंत्र को कमजोर करने की कोशिश करने वालों के खिलाफ वोड डालने की अपील की। बॉलीवुड फिल्म अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती ने कोलकाता में मतदान किया। मतदान केंद्र से निकलने के बाद उन्होंने मीडिया से बात की। उन्होंने कहा, मैं एक भाजपा का कैडर हूं, मैंने अपना कर्तव्य निभाया। मंडी लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार कंगना रनौत ने सातवें चरण के लिए अपना वोट डालने के बाद मंडी में भाजपा कार्यालय में पूजा की।

## फिरोजाबाद में भीषण सड़क हादसा, रोडवेज बस ने कार और ऑटो को रौंदा; तीन की मौत और आठ घायल





उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद जिले में शनिवार दोपहर दर्दनाक सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि आठ लोग घायल हुए हैं। सभी घायलों को तत्काल उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है।फ़िरोज़ाबाद के थाना राजावली क्षेत्र में ताजपुर चौकी के समीप दोपहर करीब 12ञ्30 बजे अनियंत्रित रोडवेज बस ने कार और ऑटो में टक्कर मार दी। हादसे में एक महिला और बच्चा सहित तीन लोगों की मौत हो गई। अभी तक तीनों लोगों की पहचान नहीं हो सकी है, जबकि हादसे में आठ लोग घायल हैं। मामले की सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतकों के शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। वहीं घायलों को सरकारी ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया है। राजावली थाना प्रभारी उमेश शर्मा ने बताया कि रजावाली क्षेत्र में एक रोडवेज बस अनियंत्रित हो गई थी, उसने आगे चल रही कार व ऑटो में टक्कर मार दी।

## लैंगिक संवेदनशीलता को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने गठित की समिति, जस्टिस हिमा कोहली करेंगी अध्यक्षता

12 सदस्यों वाली समिति की अध्यक्षता जस्टिस हिमा कोहली करेंगी। समिति में जस्टिस बीवी नागरत्ना, एडिश्नल रजिस्ट्रार सुखदा प्रीतम, वरिष्ठ वकील मीनाक्षी अरोड़ा और महालक्ष्मी पावनी भी पैनल में शामिल हैं। सुप्रीम कोर्ट ने लैंगिक संवेदनशीलता और आंतरिक शिकायतों के लिए समिति का गठन किया है। आदेश में कहा गया है कि %सुप्रीम कोर्ट ऑफ इंडिया रेगुलेशनंस, 2013 के क्लॉज 4( 2 ) के तहत लैंगिक संवेदनशीलता और महिलाओं के यौन उत्पीड़न की शक्ति का इस्तेमाल करते हुए इसके प्रावधानों को लागू किया जाता है। मुख्य न्यायाधीश को सुप्रीम कोर्ट लैंगिक संवेदनशीलता और आंतरिक शिकायत समिति का गठन किया है।%12 सदस्यों वाली समिति की अध्यक्षता जस्टिस हिमा कोहली करेंगी। समिति में



जस्टिस बीवी नागरत्ना, एडिश्नल रजिस्ट्रार सुखदा प्रीतम, वरिष्ठ वकील मीनाक्षी अरोड़ा और महालक्ष्मी पावनी भी पैनल में शामिल हैं। वहीं समिति के सदस्यों में सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन के वकील और प्रतिनिधि, सौम्यजीत पाणी, एडवोकेट ऑन रिकॉर्ड अनिंदिता पुजारी, वकील मधु चौहान, प्रोफेसर श्रुति पांडे, वरिष्ठ वकील जयदीप गुप्ता और मेनका गुरुस्वामी और लेनी चौधरी आदि शामिल हैं।

## 'मैंने इस मामले में पुलिस आयुक्त को कोई फोन नहीं किया', पोर्श कांड पर बोले अजित पवार

पोर्श कांड में टिंगरे का नाम सामने आने पर अजित पवार ने कहा कि सुनील टिंगरे उस क्षेत्र के विधायक हैं, जहां घटना हुई। जब भी ऐसी घटनाएं होती हैं स्थानीय विधायक अक्सर घटनास्थल का दौरा करते हैं। देश में इन दिनों पुणे में हुए सड़क हादसे की चर्चा हो रही है। तेज रफ्तार लग्जरी कार ने एक मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी थी, जिसमें दो लोगों की मौत हो गई थी। कार एक 17 साल का रईसजादा चला रहा था, जो शराब के नशे में धुत था। वहीं, इस मामले में विधायक सुनील टिंगरे की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। उन पर दुर्घटना के बाद यरवदा पुलिस स्टेशन जाने और अधिकारियों पर मामले में नरम रुख अपनाने का दबाव बनाने का आरोप है। हालांकि अब टिंगरे के बचाव में उपमुख्यमंत्री अजित पवार आ गए हैं। उन्होंने कहा कि विधायक टिंगरे पर बेबुनियाद आरोप लगाए जा रहे हैं।टिंगरे पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी ( एनसीपी ) से हैं। वह पुणे शहर में वडगांव शेरी विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करते हैं। इससे पहले आरोप लगे थे कि टिंगरे ने यह सुनिश्चित करने के लिए हस्तक्षेप किया था कि पुलिस किशोर से बुरा बर्ताव न करें। अजित पवार ने कहा कि घटना के तुरंत बाद जांच शुरू हो गई थी। गृह मंत्री और सीएम शिंदे ने भी सुनिश्चित किया कि जांच सही तरीके से हो। उन्होंने आगे कहा, %मैंने इस मामले के संबंध में पुणे सीपी को कोई फोन नहीं किया। हमारे विधायक टिंगरे ने इस संबंध में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्हें हाई शुगर है और अभी अस्वस्थ है। यही वजह है कि वह जनता के सामने नहीं आ रहे हैं। मैंने उनसे संपर्क किया और उन्होंने मुझे बताया कि वह किसी भी तरह की जांच के लिए तैयार हैं और वह गलत नहीं हैं।% विधायक अक्सर घटनास्थल का दौरा करते हैं- पोर्श कांड में टिंगरे का नाम सामने आने के बारे में पूछे जाने पर अजित पवार ने कहा, %सुनील टिंगरे उस क्षेत्र के विधायक हैं, जहां घटना हुई। जब भी ऐसी घटनाएं होती हैं स्थानीय विधायक अक्सर घटनास्थल का दौरा करते हैं। सवाल है कि क्या सुनील टिंगरे ने मामले को दबाने की कोशिश की, तो ऐसा नहीं है। उनके खिलाफ लगाए गए आरोप निराधार हैं।% मैं कई बार पुलिस आयुक्त को फोन करता हूं- यह पूछे जाने पर कि क्या उन्होंने इस घटना के बाद पुणे के पुलिस आयुक्त अमितेश कुमार को फोन किया था, पवार ने कहा, %मैं कई बार पुलिस आयुक्त को कई मुद्दों पर फोन करता हूं, लेकिन मैंने इस मामले में उन्हें एक भी फोन नहीं किया है।% मुख्यमंत्री शिंदे ने जांच करने के निर्देश दिए- उपमुख्यमंत्री पवार ने आगे कहा कि उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने दुर्घटना के अगले दिन पुणे पुलिस को सघन जांच करने का निर्देश दिया था। यहां तक कि मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने भी सही से जांच करने के निर्देश दिए हैं। उन पुलिस अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की गई जिन्होंने शुरू में प्रक्रिया में देरी की। मामले में शामिल ससून जनरल अस्पताल के कर्मचारियों को भी पुलिस कार्रवाई का सामना करना पड़ा है। क्या है मामला? दुर्घटना 19 मई को सुबह करीब 2.15 बजे हुई थी। 17 वर्षीय किशोर अपने दोस्तों के साथ पुणे के दो पब में 12वीं कक्षा के परिणाम का जश्न मनाने बाद वापस लौट रहा था। तभी उसने कल्याणी नगर इलाके में दो 24 वर्षीय आईटी पेशेवरों को टक्कर मार दी। वह 150 किमी प्रति घंटे से अधिक की रफ्तार से 2.5 करोड़ रुपये की पोर्श चला रहा था। बाइक चला रहे अनीश अवधिया और पीछे बैठे अश्विनी कोष्टा की मौके पर ही मौत हो गई थी।



## संपादकीय Editorial

### Is the Chief Minister ill?

This is a very serious question that can anyone conspire against the deteriorating health and deteriorating health of Odisha Chief Minister Naveen Patnaik? Is it possible to regularly play with the security arrangements of a Chief Minister? Naveen Patnaik is the Chief Minister, but can any lobby illegally run the power by misusing his digital signatures? Can the democratic system of power and government be so weak? The mandate is given to the call of a politician and his political party, but someone else runs the power invisibly, are there such loopholes in our constitutional system? The general election for the 18th Lok Sabha is ending today. The election campaign had come to an end on 30 May itself. A lot of absurd issues were raised. Ridiculous politics of changing the Constitution and ending democracy was also done, but no party expressed concern or concern on this issue, which is directly related to the health of the 'public servant' and the public has the right to know its reality. Prime Minister Modi did raise questions about the health of Chief Minister Naveen Patnaik, but he also gave it the colour of a 'political conspiracy', so the Prime Minister was also in a mood to garner votes. His intention was that if a Chief Minister is 'helpless' in working, an alternative should be found for him. The clear meaning was that BJP is present in Odisha as an alternative, so it should get the mandate. The Chief Minister also gave him a befitting reply that if the Prime Minister considers him his friend, then he can call and ask about his health. However, he is absolutely fine and capable of fulfilling his responsibilities. But in one of the two videos that have been made public, the Chief Minister is addressing an election meeting and his left hand was shaking in such a way as if he is a patient of Parkinson's disease! Former IAS officer VK Pandian, who was the Chief Minister's Principal Secretary, now his close associate, was repeatedly hiding the shaking hand of the Chief Minister behind a veil, but the hand was repeatedly becoming public. In the second video, an associate was supporting the Chief Minister's feet, due to which the Chief Minister was able to sit steadily. In fact, the questions raised by the Prime Minister are aimed at Pandian. The charge of conspiracy is being put on Pandian, so the Prime Minister has even announced that if the BJP government is formed in Odisha on June 10, then a special committee will be formed to investigate why Naveen Babu's health has deteriorated so much. The Prime Minister believes that a special lobby is enjoying power from behind the scenes in Odisha, which needs to be exposed because it is against democracy and the mandate. In fact, in India, some 'Lakshman-rekha' has been drawn between the politician's right to privacy and the public's right to know everything. In India, public discourse has been more or less silent or taciturn and cautious. Discussion on personal life is not as much among political opponents and the media as it is in a country like America. The person who wants to gain power and is contesting elections for it, there is not as much concern about his physical, mental health and character as it is in western countries. In India, even a 90-year-old, crumbling, unhealthy leader contests elections and gets public acceptance. The case of Chief Minister Naveen Patnaik is different because he is currently in power and is contesting elections for the next five years' mandate. Times are changing. Morality and Laxman-rekha should be kept aside and the public must be informed about the physical and mental health of the leader because that leader has billions of rupees of resources of an entire state in his hands. It is the public's capital. If Naveen Patnaik wins the elections this time too, he will set a new record as a Chief Minister, but he must release a video on his health and also make public the reality.

# Badhte Kadam: Signs of strong economy, hope of increase in speed due to stability in new regime

The signs that are emerging of India's economy moving forward rapidly will get economic wings from the new stable government after June 4. In the national-international reports and various market analyses being published these days, it is being said that the auspicious signs that are emerging of India's economy moving forward rapidly will get economic wings from the new stable government after June 4. Three important reasons are being cited for the possibilities of such a strong economic scenario. One is the strong accounts of India's financial and non-financial sectors. Two, the record dividend given to the Government of India by the Reserve Bank and three, the record high of the stock market. The International Monetary Fund (IMF) has said that India's growth rate will be 6.8 percent in the year 2024-25. The World Bank has projected the growth rate to be 6.6 percent. According to the Asian Development Outlook Report, the growth rate can be 7 percent. The country's leading economic experts are of the opinion that while the growth rate in the last financial year 2023-24 is more than seven percent, it will be seen at the level of 6.5 to seven percent by the next decade. According to various reports, direct tax collection in India has increased by 17.7 percent to Rs 19.58 lakh crore in the year 2023-24. GST has been at the highest level in 2023-24. Its size has been Rs 20.18 lakh crore, which is 11.7 percent more than the previous year. The Reserve Bank of India (RBI) on May 22 has approved a dividend of Rs 2.11 lakh crore to the Government of India in the financial year 2023-24. In the interim budget for the current financial year 2024-25, the government had estimated to get Rs 1.02 lakh crore from the dividend of the Reserve Bank and public sector banks. In such a situation, the dividend given by the Reserve Bank is 107 percent more than the budget estimate. In a way, this is like an unexpected profit of Rs 1.09 lakh crore for the government in the current financial year. Also, it is 142 percent more than last year's dividend of Rs 87,416 crore. It is noteworthy that as per the recommendation of the Bimal Jalan Committee, after the implementation of the new economic capital framework, the central bank gave a surplus of Rs 1.76 lakh crore to the government in 2018-19. The Jalan Committee found out how much surplus the government should get from the Reserve Bank. In the financial year 2023-24, RBI has increased the contingency risk buffer to 6.5 percent. The Jalan Committee had proposed to keep it in the range of 5.5 to 6.5 percent of RBI's balance sheet. The Indian stock market has reached a record high after the Reserve Bank's decision to give a record dividend to the government and the projections of India's high growth rate in the year 2024-25 by global economic organizations and global credit rating agencies. It is no small matter that with the total market capitalization of companies listed on the BSE crossing five trillion dollars, India has become the fifth largest country in the world to reach this milestone. After the Corona period, the interest of Indian domestic retail investors has increased in the stock market. In the last 10 years, demat accounts have increased from 23 million to 150 million and the number of mutual fund investors has increased from one crore to 45 million. The situation is that where has the stock market reached in the last 10 years, the Sensex which was at 25,000 points has now reached a height of more than 75,000 points today. Lakhs of small investors are enthusiastically connected to the market today. India is the fourth largest stock market in the world and the confidence of global investors has also increased in the Indian stock market. Now such economic strength will increase foreign direct investment (FDI) in the country. This will improve the business environment in India. An important aspect of FDI is that foreign investors also bring technical expertise. Certainly, the rapid growth of the stock market and the bumper dividend of Rs 2.11 lakh crore given to the government by the Reserve Bank will greatly help the new government in expenditure management.

# Crisis: Relief should be provided on time in humanitarian disasters, otherwise the situation will get out of control

According to United Nations data, in the year 2024, about 300 million people are trapped in such humanitarian disasters, which are in great need of external assistance. According to United Nations data, in the year 2024, about 300 million people are trapped in such humanitarian disasters, which are in great need of external assistance. According to United Nations data, in the year 2024, about 300 million people are trapped in such humanitarian disasters, which are in great need of external assistance. Last year this number was slightly less than this, so the United Nations Office for Coordination of Humanitarian Assistance estimated the need for $ 57 billion for this, but despite all efforts to collect this amount, only $ 20 billion could be collected. In other words, only one-third of the amount needed could be collected to provide assistance in humanitarian disasters. In the year 2023, the world's military budget was $ 2,400 billion. At the same time, the amount that could be collected for necessary relief in humanitarian disasters was only 0.8 percent of the world's military budget. Due to lack of funds for assistance in humanitarian disasters, food and other relief materials could not reach the families badly suffering from hunger and other needs and the communities to which this assistance was reaching earlier, also had to be stopped suddenly many times. In view of this situation, the target of collecting aid for the year 2024 was reduced from 57 billion dollars to 46 billion dollars. Till now it is uncertain to what extent this amount can be raised. In the year 2023, former Executive Chairman of the World Food Programme, David Beasley said that during the period of Covid, when the wealth of billionaires was increasing by billions of dollars every day, 24,000 people were also dying of hunger every day. The World Food Programme is also facing shortage of resources required for food aid programs. Along with raising better funds for humanitarian disasters, it is also necessary to pay attention to how to reduce these humanitarian disasters. In most of the documents available about these, two reasons have been mentioned as the most important. The first reason is war, civil war and other large scale violence. The second reason is that in the era of climate change, the weather becomes more adverse and natural disasters become severe. But apart from this, it is also necessary to pay attention to a third reason and that is various types of injustice and inequality. In many of these countries, the grave injustice and atrocities that took place during the colonial period led to the collapse of the traditional structure here and when the injustice continued even after that, the situation became even worse. The natural wealth here was exploited a lot, but a fair price was not given for it. The people here were incited against each other on ethnic, racial etc. levels, dictators got external help, while obstacles were created for popular leaders. The biggest example of this is Congo, where the pro-people leader Lumumba was murdered, while the tyrannical dictator Mobutu continued to get full external support. In these difficult situations, only when the efforts for peace, justice and environmental protection are very strong, the possibility of such human tragedies can be reduced. Along with this, it is also very important to increase the relief material and the amount of money required for it. Efforts for peace, reconciliation and settlement are also essential so that the relief material can reach the needy people properly.



# बढ़ती गर्मी में अस्पतालों में बढ़ने लगे मरीज, बरतें सावधानी



मुरादाबाद- लगातार बढ़ रही गर्मी में डायरिया और बुखार समेत अन्य बीमारियों से पीड़ित मरीजों की संख्या में भी इजाफा हो रहा है। हाल यह है कि जिला व निजी अस्पतालों में प्रतिदिन मरीज बढ़ते जा रहे है। वहीं चिकित्सकों ने गर्मी में सावधानी बरते की सलाह दी है। गर्मी ने अपना कहर दिखाना शुरू कर दिया है। पिछले कई दिनों से भीषण गर्मी में एसी, कूलर और पंखों ने काम करना बंद कर दिया है। सुबह से आसमान में तेज धूप से लोगों का बुरा हाल होने लगा है।

जिसके कारण बुखार और डायरिया की समस्या हो रही है। शुक्रवार को भी तेज धूप और गर्म हवा से लोग बेहाल नजर आए। जिससे लोगों को डायरिया ने अपने चपेट में लेना शुरू कर दी है। अगर बात करे जिला अस्पताल कि यहां प्रतिदिन 1000 हजार से ज्यादा मरीज ओपीडी में पहुंच रहे है। जबकि 100 मरीज सिर्फ डायरिया के ही भर्ती हो रहे है। चिकित्सकों का कहना है अगर गर्मी के मौसम में किसी को चक्कर आना, बुखार या उल्टी दस्त की परेशानी हो रही है तो वह तुरंत चिकित्सकों को दिखाए। दोपहर के समय धूप में निकले से बचे। अगर निकले तो खुद को पूरी तरह ढककर निकले। गर्मी लगातार बढ़ रही है। ऐसे में लोगों को अपना ख्याल रखना बहुत जरूरी है। बिना किसी वजह से धूप में न निकले। अगर धूप में घर से बाहर निकल रहे है तो सिर को ढककर निकले। गर्मी में लगातार पानी पिएं। बासी खाना खाने से बचे। ओआरएस का भी इस्तेमाल करे। एकदम गर्मी से एसी या कूलर ना जाए।-डॉ. राजेंद्र कुमार, चिकित्सा अधीक्षक, जिला अस्पताल

**◆ जिला अस्पताल और निजी अस्पतालों में प्रतिदिन भर्ती हो रहे डायरिया और गर्मी के बुखार के मरीज, गर्मी की वजह से ज्यादातर बच्चे आ रहे डायरिया की चपेट में**

## गर्मी से बचाव को यह करें

- शरीर को हाइड्रेट रखने के लिए खूब पानी पीते रहें।
- सूती और ढीले कपड़े पहनें। ये शरीर को ठंडा रखने में मददगार है।
- पूरे कपड़े पहनें, हाथों को अच्छे से कवर करके रखें।
- दोपहर के समय घर से अनावश्यक रूप से बाहर जानें से बचें।

## गर्मी में ऐसा न करें?

- गर्मी से बचाव के लिए बच्चों और जानवरों को गाड़ी में न छोड़ें।
- दोपहर के समय बाहर किसी भी प्रकार की गतिविधियों से बचें।
- शराब- कार्बोनेट ड्रिंक्स के सेवन से बचा जाना चाहिए।
- धूप के सीधे संपर्क में आने से बचे।

# एसएसपी कार्यालय पहुंचे पीड़ित बाबूलाल वाल्मीकि का आरोप पुलिस कर रही उनके बेटे पर झूठा मुकदमा

क्यूँ न लिखूँ सच
सिकंदर



मुरादाबाद - उत्तर प्रदेश के जनपद मुरादाबाद के सिविल लाइन थाना क्षेत्र कपूर कंपनी ताड़ीखाना निवासी पीड़ित बाबूलाल वाल्मीकि ने मुरादाबाद एसएसपी कार्यालय पहुंचकर एक शिकायती पत्र देते हुए न्याय की गुहार लगाई है दरअसल दिए गए शिकायती पत्र में पीड़ित बाबूलाल वाल्मीकि ने आरोप लगाया है कि हमने एक जमीन अबरार नाम के व्यक्ति से खरीदी थी उस जमीन की हमारे पास रजिस्ट्री है और बेनामा भी है लेकिन कुछ बनिए लोगो ने हमारी जमीन पर धोखाधड़ी से कब्जा कर लिया है और कुछ लोग है जो षड्यंत्र रच कर उल्टा हम पर ही झूठा मुकदमा लिखवाना चाह रहे हैं पीड़ित का आरोप है कि बीती रात घर पर पुलिस आई और रात्रि 9:00 बजे हमारे लड़के सतीश और अबरार के परिवार वालो को मंझोला पुलिस उठाकर ले गई और उनको थाने में बन्द कर दिया आरोप है कि पुलिस आरोपियों से हमसाज होकर उन पर झूठा मुकदमा लगा रही है प्रार्थी का यह भी कहना है कि उनके पुत्र सतीश के खिलाफ कोई भी मुकदमा दर्ज नहीं है फिर भी उसे थाने में क्यों बैठा रखा है फिलहाल इस पूरे प्रकरण में पीड़ित बाबूलाल वाल्मीकि ने मुरादाबाद वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच कराए जाने की मांग उठाई है उनका कहना है कि जो भी इस मामले में दोषी है उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाए और हमें न्याय दिलाए जाए

KYUN NA LIKHUN SACH
हिंदी अंग्रेजी दैनिक समाचार पत्र
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच
को आवश्यकता है उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड मध्य प्रदेश, दिल्ली, बिहार पंजाब छतीसगढ़ राजस्थान आदि सभी राज्यों से रिपोर्टर, जिला ब्यूरो विज्ञापन प्रतिनिधि की
सम्पर्क करे-9027776991




# कोई मान रहा उपचुनाव तय... किसी ने आंकड़ों के साथ दौड़ाई साइकिल, रोज बन रही नई सरकार

मुरादाबाद लोकसभा सीट पर हुए चुनाव का परिणाम बेशक चार जून को घोषित होगा लेकिन लोगों ने अपने दिमाग में प्रत्याशियों के जीत के समीकरण बैठा लिए हैं। कोई 22 हजार वोटों से भाजपा प्रत्याशी सर्वेश सिंह की जीत बता रहा है तो कहीं बाहरी होने की बात से इतर सपा प्रत्याशी रुचिवीरा के बेहतर चुनाव प्रचार, वैश्य व मुस्लिम वर्ग में मजबूत पकड़ की पैरवी की जा रही है। लोकसभा चुनाव की मतगणना के दिन लगातार भी हार-जीत को लेकर चर्चा तेज हो ही बात हो रही हैयह माहौल शहर में लोगों के बीच दिखा। लोग चुनाव कॉलोनी के पास स्थित चाय की बीजेपी का वोट बैंक मजबूत है। पार्टी अनुमान लगाया है, भाजपा 20 से 22 हुए अहमद बोले की रुचिवीरा ने बेहतर पकड़ रही। भाजपा की जीत इतनी प्रत्याशी बाहरी हैं, उन्हें यहां कौन जानता बोले कि भाजपा ने अपना अगला कहा कि सब्र करो भाई चुनाव के नतीजे बीएसएनएल कार्यालय के पास चाय का कुल्हड़ लिए पुराने पेड़ के चुनावी तापमान की चर्चा करते नजर काम करने वाले लोग शामिल थे। कांग्रेस गठबंधन के प्रत्याशी के बीच



नजदीक आते जा रहे हैं। इसके साथ ही मुरादाबाद में गई है। इन दिनों हर गली-मोहल्ले में चुनाव परिणाम की अलग-अलग चाय की दुकान पर बैठक करने वाले परिणाम पर चर्चा कर रहे थे। सिविल लाइंस साकेत दुकान पर बैठे सतीश शर्मा बोले कि मुरादाबाद में कार्यकर्ताओं ने बूथों के पोलिंग प्रतिशत के हिसाब से हजार वोटों से जीत रही है। वहीं उनकी बात को काटते चुनाव लड़ा है। वैश्य समाज व मुस्लिमों में उनकी अच्छी आसान नहीं है। तभी मेहुल अग्रवाल बोल पड़े कि सपा है। मुरादाबाद में उपचुनाव तय है। इसी बीच देव्यांश प्रत्याशी भी तय कर लिया है। उन्हें रोकते हुए अनुज ने तो आने दो। सारी स्थित खुद ब खुद साफ हो जाएगी। दोपहर 12:34 बजे पर्वतीय टी-स्टॉल पर हाथ में नीच लोगों की बैठक जमी थी। गर्मी के बीच लोग आए। इनमें कुछ रेलकर्मी व कुछ निजी कंपनियों में कुलदीप ने कहा कि सीधी टक्कर भाजपा और सपा- है। बसपा कहीं लड़ाई में नजर नहीं आई। तभी ब्रिजेश ने कहा कि सपा में टिकट को लेकर इस बार अंदरूनी कलह हुई है। इसका असर परिणाम में दिख जाएगा। मनोज ने कहा कि मुरादाबाद में दलित व मुस्लिम निर्णायक हैं। सपा प्रत्याशी ने दोनों वर्गों में बेहतर प्रचार किया है। देहात, कांठ व शहर विधानसभा में सपा का प्रचार ज्यादा बेहतर था। इसका असर भी देखने को मिलेगा। मतगणना अब 30 राउंड में की जाएगी मुरादाबाद जिले में मतगणना को 30 राउंड तक करने के लिए जिला प्रशासन ने आयोग को प्रस्ताव भेजा था। आयोग ने इस प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। एडीएम प्रशासन गुलाब चंद्र ने बताया कि जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देश पर चार जून को मंडी समिति में मतगणना की जाएगी। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र की मतगणना के लिए 14 टेबल और एक एआरओ का टेबल होगा। एक टेबल पर चार सुपरवाइजर, मतगणना सहायक सहित चार कर्मचारी तैनात रहेंगे। मतदेय स्थलों के अनुसार गिनती के लिए 36 राउंड तय किया गया था। अब जिला प्रशासन ने मतगणना को 30 राउंड में ही समाप्त करने के लिए अलग टेबल लगाने का सुझाव दिया था। चुनाव आयोग ने इस सुझाव को स्वीकार कर लिया है। अब कर्मचारियों की संख्या बढ़ाकर 30 राउंड में मतगणना कराई जाएगी। जिला प्रशासन ने मतगणना के लिए दो दिन में ड्यूटी में लगने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रशिक्षित कर दिया है।

## संक्षिप्त समाचार

### महिला बैंक अधिकारी के अश्लील फोटो वायरल करने की धमकी, पति हो गया परेशान, आरोपी बता रहा पूर्व मंगेतर

मुरादाबाद में महिला बैंक अधिकारी से छह लाख रुपये की रंगदारी मांगी गई है। आरोपी ने मैसेज कर धमकी दी है कि पैसा नहीं देने पर वह अश्लील फोटो वायरल कर देगा। पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। महिला बैंक अधिकारी की अश्लील फोटो वायरल करने की धमकी देकर एक आरोपी ने छह लाख रुपये रंगदारी की मांग की है। धमकी सुनने के बाद महिला का पति परेशान हो गया है। इस मामले में गलशहीद पुलिस ने नामजद केस दर्ज करते हुए घटना की छानबीन शुरू कर दी है। महिला के पति ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि शुभम चौधरी गलयान नाम के युवक ने 17 मई की रात इस्टाग्राम आईडी पर उसकी पत्नी के लिए अपशब्दों का प्रयोग किया। आरोपी ने दावा किया कि महिला बैंक अधिकारी से उसकी शादी होने वाली थी। उसकी फोटो भी खींचकर वह रखा है। यदि छह लाख रुपये नहीं देगा तो पत्नी के फोटो को सोशल मीडिया पर वायरल कर देगा। उसने पति-पत्नी को दो महीने के अंदर जान से मारने की धमकी दी है। आरोपी पहले भी ऐसी हरकत चुका हैं। थाने में उसने माफी भी मांगी थी कि ऐसी गलती दूसरी बार नहीं करूंगा लेकिन सुधरने की जगह वह और बिगड़ गया है। धमकी से महिला बैंक अधिकारी का पति काफी परेशान हो गया है। इस मामले में पुलिस ने बिजनौर जिले के हरगांव चंदन नगीना के खिलाफ रंगदारी टैक्स और धमकी की धाराओं के तहत केस दर्ज किया है। पुलिस आरोपों की जांच कर रही है। थाना प्रभारी का कहना है कि जांच के आधार पर शीघ्र कार्रवाई की जाएगी।

### डोमिनोज फ्रेंजाइजी की लापरवाही आई सामने, ग्राहक को वेज की जगह भेज दिया नॉनवेज पिज्जा...हंगामा



मुरादाबाद- देश की नामी कंपनी ने वेज पिज्जा की जगह नॉनवेज पिज्जा दे दिया। जिसके बाद ग्राहक भड़क गया। उसने कंपनी के आउटलेट पर जाकर हंगामा किया। शुक्रवार की रात एक ग्राहक ने बुद्धि विहार स्थित एक डोमिनोज़ से वेज पिज्जा मंगाया। कुछ देर बाद डिलीवरी बॉय पिज्जा लेकर पहुंचा। ग्राहक ने पिज्जा खोल कर देखा तो वह वेजीटेरियन की जगह नॉनवेज पिज्जा निकला। जिस पर ग्राहक भड़क गया और वह अपने साथियों को लेकर आउटलेट पर पहुंचा। ग्राहक अमित शर्मा का आरोप था कि उसने वेज पिज्जा मंगाया था। लेकिन कंपनी द्वारा नॉनवेज पिज्जा भेज दिया गया। ग्राहक का आरोप था कि जो पिज्जा उसके पास पहुंचा था उसे पर वेज का स्टीकर लगा था। लेकिन अंदर नॉनवेज पिज़्ज़ा निकला। जिसको लेकर पिज्जा आउटलेट के बाहर काफी हंगामा हुआ।

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।
संपादक - नरेश राज शर्मा
मो. 9027776991
RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।
क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

## रीवा बाल भिक्षा वृति के खिलाफ जिला प्रशाशन द्वारा चलाया जरहा अभियान

क्यूँ न लिखूँ सच
प्रदीप कुमार तिवारी

मध्य प्रदेश शासन महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जारी बाल भिक्षा वृत्ति अभियान अंतर्गत कलेक्टर महोदय जिला रीवा श्रीमती प्रतिभा पाल द्वारा संयुक्त दल का गठन किया है, जिस दल का प्रमुख कार्य नगर निगम क्षेत्र के समस्त क्षेत्रो का भ्रमण करते हुए बाल भिक्षा वृत्ति करने वाले बालकों का चिन्हित करना एवं उनके पुनर्वास की समुचित व्यवस्था करने का उदेश्य है,जिसके अंतर्गत समान थाना क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न जगहों का निरीक्षण संयुक्त दल द्वारा किया गया जिसमें प्रमुख रूप से एसपीएस मॉल सामान तिराहा, नया बस स्टैंड, रतहरा तालाब का क्षेत्र,फूलमती माता मंदिर, एवं इलाहाबाद बाईपास पुराना बस स्टैंड चिराहुला मंदिर रेलवे स्टेशन साई मंदिर कोठी शिव मंदिर का इलाका प्रमुख रूप से शामिल रहा उक्त दल मे प्रमुख रूप से श्रीमती रुपाली द्विवेदी असिस्टेंट कमिश्नर नगर निगम, सहायक संचालक महिला एवं बाल विकाश अशीष द्विवेदी ,राजेश मिश्रा सहायक संचालक शिक्षा विभाग, हितेंद्र नाथ शर्मा थाना




प्रभारी समान, श्रीमती प्रज्ञा त्रिपाठी समग्र सुरक्षा विस्तार अधिकारी नगर पालिका निगम रीवा, श्रीमती स्वाति श्रीवास्तव बाल संरक्षण अधिकारी जिला रीवा, क्षितिज तिवारी एवं रेखा चतुर्वेदी वन स्टॉप सेंटर, समाजिक संस्था से बेनिसन हेल्पिंग सोशल वेलफेयर सोसायटी से श्लेषा शुक्ला अमर सिंह कुशवाहा संचिता, समग्र जन चेतना विकाश परिषद एवं कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रन फाऊंडेशन से सुमित सिंह प्रमुख रूप से सामिल रहे । पूरे अभियान में अधिकारीयों द्वारा परिवार को समझाइश भी दी गई। साथ ही प्रशाशन से यह भी अस्वस्थ किया है इस प्रकार के अभियान आगे भी जारी रहेगी

## लुटेरों ने शौक पूरा करने के लिए लूटे थे पैसे, गिरफ्तार

क्यूँ न लिखूँ सच
अमरीक सिंह

बहराइच- मटेरा थाना क्षेत्र में 5 दिन पूर्व महिला से हुई लूट का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने लूट में शामिल दो लोगों को बाइक और लूटी गई नगदी के साथ पकड़ा है। सभी ने अपने शौक पूरी करने के लिए लूट की वारदात को अंजाम दिया था। मटेरा थाना क्षेत्र के एकघरवा गांव निवासी महिला ने पांच दिन पूर्व मटेरा चौराहा स्थित लालपुर शिवपुर बैंक शाखा से 60 हजार रूपये नगदी निकाली थी। महिला से बाइक सवारों ने नकदी लूट ली थी। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला ने घटना का खुलासा करते हुए बताया कि बाइक सवार लुटेरे जमाल पुत्र हसन खान निवासी शंकरपुर और



आर्य पुत्र जाहिद अली निवासी ग्राम रामपुर बड़ाई थाना रिसिया ने लूट की वारदात को अंजाम दिया था। सभी ने अपने आर्थिक लाभ और शौक पूरा करने के लिए लूट की वारदात को अंजाम दिया था। उन्होंने बताया कि लूट गए रुपए से 11500 रूपये की एक मोबाइल खरीदा था। प्रभारी निरीक्षक परमानंद तिवारी, एसओजी प्रभारी अनुज कुमार त्रिपाठी, उप निरीक्षक निरीक्षक बृजभान यादव की टीम ने बहबोलिया मार्ग शंकरपुर से बाइक सवार दोनों लुटेरों को गिरफ्तार कर लिया। उनके कब्जे से लूटे गए 37600 रुपये भी बरामद हुए है। थानाध्यक्ष ने बताया कि दोनों के विरुद्ध केस पहले ही दर्ज था। दोनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

## गांव आनंदपुर में एक झटके में चली गई 1 दुधारू गाय समेत 2 बछड़े की जान, आकाशीय बिजली की आवाज सुनकर अफरा तफरी



क्यूँ न लिखूँ सच

ओड़गी- सूरजपुर जिले के ओड़गी विकास खंड अन्तर्गत ग्राम पंचायत आनंदपुर में शनिवार को आकाशीय बिजली गिरने से एक दूधारू गाय समेत दो बछड़े की मौत हो गई. आकाशीय बिजली गिरने की आवाज सुनकर गांव में अफरा तफरी फैल गई. प्राप्त जानकारी अनुसार जिले के ओड़गी विकास खंड अन्तर्गत गांव आनंदपुर के निवासी बसंतलाल यादव पिता सिताराम यादव का एक दूधारू गाय व दो बछड़ा शनिवार करीब दोपहर 1.30 बजे पास के नाला में ही चर रही थी. तभी एकाएक आकाशीय बिजली पशुओं की मौत बनकर आ गई और एक ही झटके में एक दुधारू गाय व दो बछड़े की मौत हो गई. जिससे किसान बसंत लाल यादव को भारी नुक़सान हुआ है उन्होंने मीडिया के माध्यम से शासन प्रशासन से उचित मुआवजे की मांग की है.

## पेड़ो की कटाई के मामले में भ्रष्टाचार का भेट चढ़ा गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान पार्क परिक्षेत्र रेहण्ड महुली

क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर- गुरुघासीदास राष्ट्रीय उद्यान वन मंडल इन दिनों सुर्खियों में आते रहते है ना जाने सिस्टम को कौन सा आशीर्वाद मिला है कि रेंजर को ऊपर असीम कृपा बरस रहा है मिली जानकारी के अनुसार रिंहण्ड के रेंजर किसी भी मामले में कोई जानकारी मांगना चाहे तो वह मुलाकात तो छोड़ फोन तक रिसीव नहीं करते। मामला महुली वन परिक्षेत्र का है पेड़ो की इस कदर कटाई की जा रही है कि धीरे धीरे जंगल विलुप्त के कगार में है अगर इसी तरह जंगल की कटाई होता रहा तो न जाने आने वाले समय में जंगल एक मैदान बन चुका होगा जिसका जिम्मेदार वन विभाग के लोग होंगे इसके बावजूद जो जंगल की रक्षा की बड़े बड़े दावे करते है जरा इनकी




जंगल की ओर एक नजर डाल के देखिए जो खुद अपने वन परिक्षेत्र को संभाल नहीं सकते उनके हाथों में रामगढ़ वन परिक्षेत्र का प्रभार भी दिया गया है। में बात करू तो एक रेंजर को दो प्रभार में दे दिया गया जो खुद अपने ही वन परिक्षेत्र रक्षा नही कर सकता वो वन की जीवो की क्या रक्षा करेगा सिस्टम खेल देखिए की पूरे छत्तीसगढ़ में कोई भी एक रेंजर नही जो रामगढ़ रेंज का पदभार ले सके कही न कही सिस्टम में सवाल या निशान है यह सिस्टम का खेल रचने वाले शायद यह भूल गए की भ्रष्टाचार का खेल एक दिन खत्म होगा। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार रिहण्ड वन परिक्षेत्र के अंतर्गत महुली में कुछ लोग मिली भगत से जीवित पेड़ो की कटाई करवाकर बाहर सफलाई करवाते है जिसमे विभाग के कुछ लोग सामिल है और उसे मोटे रकम में बेचकर आपस में बाटा जाता है जरा सोचिए अगर रक्षक ही भक्षक बन जाए तो इस जंगल का क्या होगा धीरे धीरे पेड़ो की कटाई एवं अतिक्रमण करते करते ऐसा न हो जाए की इंसान को शुद्ध हवा भी नही मिल पाएगा यह खेल पूरे सेटिंग से होता हैं मगर उच्च अधिकारी आंख में पट्टी बांधकर केवल और केवल अपने जेब भरने में लगे है।

## दबंगई के बल पर घर में घुसकर मचाया तांडव

क्यूँ न लिखूँ सच -प्रेमचंद जायसवाल

श्रावस्ती। दबंगो ने घर में घुसकर जमकर हंगामा शुरू कर दिया। ग्रामीणों के इकट्ठा होने पर पीड़ित को जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। जानकारी के अनुसार मल्हीपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत ककरदरी गांव निवासी साबितराम पुत्र मोती ने पुलिस अधीक्षक श्रावस्ती को तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाई है। प्रार्थी द्वारा दिए गए में बताया है कि करीब 50 वर्षों से घर बनाकर रह रहा था। रिक्खी राम पुत्र प्यारे, लाल मथन पुत्र रिक्खी



राम, सीताराम पुत्र रिक्खी राम, सहजराम, राम सेवक, राधेश्याम पुत्रगण नकछेद ने शाम को दबंगई के बल बूते जबरन प्रार्थी के घर में घुसकर फूस के मकान का छप्पर उजाड़कर सड़क पर फेंक दिया। और घर में रखा अन्य उपयोगी सामान को तितर- बितर करके जमकर तांडव मचाया। वहीं जब प्रार्थी ने इसका विरोध किया तो विपक्षी लाठी डंडो से वार करते हुए प्रार्थी व उसकी पत्नी तथा बच्चों को मारने पीटने लगे। शोरगुल सुनकर गांव के लोग मौके पर पहुंचे और तब जाकर प्रार्थी ने भागकर अपनी जान बचाई। जबकि प्रार्थी के सिर में गंभीर रूप से चोटें आई हैं। वहीं विपक्षी जान से मारने की धमकी देते हुए कोई कार्यवाही न करने की बात कही। विपक्षी ने यह भी बताया कि शासन तक हमारा पहुंच है अगर कहीं शिकायत की तो जान से मार दूंगा।

## दक्षिण-पश्चिम मानसून के जल्द दस्तक देने से केरल में तबाही, भारी बारिश के कारण कई इलाके जलमग्न

कोट्टायम जिले के विभिन्न इलाकों में भारी बारिश के मद्देनजर मीनाचल और मणिमाला नदियों के पास रहने वाले लोगों को भी सतर्क रहने के लिए कहा गया है। शुक्रवार की शाम लगातार बारिश होने के कारण कोट्टायम के कई इलाकों में जलभराव हो गया।केरल में दक्षिण-पश्चिम मानसून के जल्द दस्तक देने के दो दिन बाद राज्य के कई हिस्सों में भारी बारिश हुई। भारी बारिश के प्रभाव से इलाकों में भूस्खलन और जलभड़ाव की समस्या इलाकों में शुक्रवार रात से ही भारी बारिश इलाकों में स्थित पूचपरा और कोलप्परा क्षतिग्रस्त हो गए। हालांकि, किसी के के कारण थोडुपुझा-पुलियानमाला राज्य के कारण संभावित खतरे को देखते हुए लगा दिया गया है। इडुक्की में मलंकारा नदियों के किनारे रहने वालों को सावधानी जलमग्न-कोट्टायम जिले के विभिन्न नदियों के पास रहने वाले लोगों को भी बारिश होने के कारण कोट्टायम के कई शुक्रवार रात को वडावथूर क्षेत्र में 100 एर्नाकुलम के अलुवा क्षेत्र में 31 मई की ( आईएमडी ) की जानकारी के अनुसार, या दो स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश की संभावना है। मौसम विभाग ने बताया वाले चक्रवात रेमल ने मानसून के प्रवाह



उत्पन्न हो गई। कोट्टायम, इडुक्की और एर्नाकुलम के कुछ जारी है। शुक्रवार की रात पहाड़ी जिले इडुक्की के अंदरूनी इलाकों में भूस्खलन के कारण कई मकान और वाहन हताहत होने की खबर नहीं है। भूस्खलन के संभावित खतरे राजमार्ग पर यातायात प्रतिबंध लगा दिया गया है। भूस्खलन थोडुपुझा-पुलियानमाला राज्य राजमार्ग पर यातायात प्रतिबंध बांध के पांच द्वार खोले जाने के बाद थोडुपुझा और मुवत्तुपुझा बरतने की सलाह दी गई। बारिश के कारण कई इलाके इलाकों में भारी बारिश के मद्देनजर मीनाचल और मणिमाला सतर्क रहने के लिए कहा गया है। शुक्रवार की शाम लगातार इलाकों में जलभराव हो गया। अधिकारियों ने बताया कि मिमी और कोट्टायम के शहरी क्षेत्रों में 99 मिमी बारिश हुई। रात से ही भारी बारिश हो रही है। भारतीय मौसम विभाग आज सुबह एर्नाकुलम, त्रिशूर और मलप्पुरम जिलों में एक और 40 किमी प्रति घंटे तक की गति के साथ आंधी चलने कि रविवार को पश्चिम बंगाल और बांग्लादेश से टकराने को बंगाल की खाड़ी में खींच लिया था, जो पूर्वोत्तर में मानसून के जल्दी दस्तक देने का एक कारण हो सकता है। त्रिशूर में भारी बारिश के कारण कई लोग बड़ी संख्या में बस अड्डों और रेलवे स्टेशन पर फंसे हुए हैं। निचले इलाकों में और नदी के किनारों के कई हिस्सों में बाढ़ की चेतावनी भी दी गई है।

प्रिय सुधि पाठको आप अपना यहाँ शुभकामना सन्देश ( Birthday, anniversary, any kind of message ) कम कीमत में विज्ञापन छपवाए सम्पर्क करे- 9027776991

### संक्षिप्त समाचार

## शिवपुर ब्लाक में फर्जी तैयार हो रहा मास्टर रोल, मनरेगा मजदूरी में खेल

क्यूँ न लिखूँ सच-अमरीक सिंह

बहराइच। मनरेगा से होने वाले विकास कार्यों में जमकर खेल हो रहा है। बिना काम कराए ही बड़े पैमाने पर धन की बंदरबांट हो रही है। फर्जी तरीके से मास्टर रोल तैयार करके रोजगार सेवक व अन्य अपने रिश्तेदारों सहित के खाते में पैसा भेज रहे हैं। इस तरह के कई मामले सामने आए हैं। इसमें जांच शुरू हो गई है। कई कार्यवाही की जद में आ गए हैं।




मास्टर रोल में जीरो की कारवाई देखी जा रही है। इन ग्राम पंचायतों में फर्जी तैयार मास्टर रोल मनरेगा में जमकर भ्रष्टाचार किया जा रहा है। जिलेभर में 14 ब्लॉक है। इसमें शिवपुर ब्लाक के मटेरा कला , बौंडी , बेला मकन, कोटवा, पाठक पुरवा , नरोत्तमपुर, सहित अन्य ग्राम पंचायत शामिल है। मनरेगा विभाग के अनुसार लगभग कई मजदूर हैं। लेकिन करीबन कुछ ही मजदूर सक्रिय है। जो गांव में चक रोड भूमि समतलीकरण, बंधा निर्माण आदि में काम कर रहे हैं। एक और जहां रोजगार सेवक सचिव व मनरेगा से जुड़े कर्मी मनरेगा मजदूर व अन्य कर्मियों के भुगतान में खेल कर रहे हैं। वहीं दूसरी और एक ही कार्य को कई बार दिखाकर लाखों रुपए हजम कर लिए गए। इस मामले को लेकर कई शिकायतें अफसर तक पहुंची हैं। मनरेगा मजदूरी के नाम पर कर्मी खेल कर रहे हैं। कोई रिश्तेदार के खाते में पैसा भेज दिया है तो कोई बिना काम कराए ही परिवार के लोगों के खाते में पैसा भेज दिया है। इस खेल में रोजगार सेवक से लेकर ब्लॉक के कई कर्मी भी शामिल है। ऊंची रसूख के चलते वह कार्यवाही से बच जाते हैं। डीसी मनरेगा द्वारा अब तक इस मामले में कोई कार्यवाही नहीं की गई है ।

## पत्रकारों की मुहिम लाई रंग,नाले के अतिक्रमण को बुलडोजर से हटा कर किया गया गहरी करण

क्यूँ न लिखूँ सच-रमाशंकर तोमर

बीते कई दिनों से झिरियन मंदिर के पास नाला अतिक्रमणकारियों द्वारा रोड और पुलिया डाल कर अतिक्रमित कर लिया गया था जिसके संबंध में देवेंद्रनगर के पत्रकारों ने विभिन्न संवाद के माध्यम से जिला कलेक्टर और जिम्मेदारों को अवगत कराया लेकिन कुचक्र में माहिर भू माफियाओं द्वारा साजिश के तहत कलम कारों की आवाज दबाने के लिए शिकायतों और अन्य कुचक्रों की झड़ी लगा कर प्रशासन को गुमराह करने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगा दिया।लेकिन जिले के संवेदनशील कलेक्टर सुरेश कुमार शर्मा द्वारा मामले की गंभीरता और सासन की जमीन की सुरक्षा का ध्यान रखते हुए पन्ना एसडीएम संजय कुमार नागवंशी को नाला से अतिक्रमण हटा कर गहरीकरण के लिए निर्देशित किया,आदेशानुसार एसडीएम द्वारा मौके पर चिलचिलाती धूप में लगभग 7 घंटे अपने प्रतिनिधित्व में नाले से अतिक्रमण हटा कर गहरी करण कराया।इस दौरान पुलिस प्रशासन,नगर पंचायत पूरी मुस्तैदी से एसडीएम पन्ना के दिशा निर्देशों का पालन करते नजर आए। एक ओर जहां प्रशासन की इस सजगता से जिले भर में जिला कलेक्टर के कुशल निर्देशन की आम जन प्रशंसा कर रहे है वहीं भू माफियों के अनैतिक कृत्यों पर चले बुलडोजर पर चुटकियां लेते नजर आए। लेकिन एक बड़ा सवाल इस कार्यवाही के बाद भी प्रशासन के आगे मुंह खोल कर खड़ा दिखाई देने लगा है यदि नाला अपनी पूरी गहराई तक खोद दिया जाता है तो जिन भू माफियाओं ने नाले के दूसरी तरफ प्लॉट बेंच दिए है और जिनके भवन निर्माण हो चुके है उन्हे निकलने के लिए रास्ता कौन देगा? यदि नाले से रास्ता दिया जाता है तो फ़िर इस कार्यवाही का क्या मतलब? यदि रास्ता नहीं दिया जाता तो आखिर वो सामान्य जन जिन्होंने बिना जानकारी के और भू माफियाओं के बहकावे में आकर जमीन खरीदी आखिर उनका निस्तार कहा से होगा ये तय कौन करेगा? नाले के चारो तरफ जो प्लॉटिंग हुई है उन विक्रेताओं की जांच कब तक होगी? कॉलोनाइजर एक्ट और रेरा के नियमों के उलंघन के लिए कब और क्या कारवाही होगी?फिलहाल जो भी हो भू माफिया प्रशासन की इस कार्यवाही से सकते में बताए जा रहे है

## गर्मी में घर से बाहर न निकले, अपने सेहत का रखें ख्याल - प्रियंशु यादव

क्यूँ न लिखूँ सच

